न्यायालय भू0 अभिलेख अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी), बाली, जिला–पाली (राजस्थान)
पीठासीन अधिकारी : श्री अतुल प्रकाश आई.ए.एस.
राजस्व विविध प्रकरण संख्या : 02 / 2021 GCMS No 2021 / 8
दायरा तिथि : 04.01.2021
फैसला तिथि : 30.07.2021
प्रार्थी:गण:–

1. पिन्टुकुंवर पुत्री भोपालसिंहजी पत्नि जितेन्द्रसिंहजी जाति रावणा राजपुत निवासी भीटवाडा हाल बिसलपुर तहसील बाली जिला पाली (राजस्थान)
2. बसंतीबेन पुत्री भोपालसिंह पत्नि भंवरसिंहजी भाटी जाति रावणा राजपुत निवासी भीटवाडा तहसील बाली जिला पाली (राजस्थान) हाल पालनपुर
3. संतोष कुंवर पुत्री भोपालसिंहजी पत्नि जितेन्द्रसिंहजी जाति रावणा राजपुत निवासी भीटवाडा तहसील बाली हाल दुजाना तहसील सुमेरपुर जिला पाली (राजस्थान)

बनाम

अप्रार्थीगण :–

1. अन्सी बाई पत्नि करणसिंहजी जाति रावणा राजपुत के कामु: वारिश
2. कंचनकंवर पुत्री भंवरसिंह जाति रावणा राजपुत
3. कन्याकुंवर पत्नि भंवरसिंह जाति रावणा राजपुत
4. चैनसिंह पुत्र वनेसिंहजी जाति रावणा राजपुत
5. जयसिंह पुत्र भंवरसिंहजी जाति रावणा राजपुत
6. जोरसिंह पुत्र मोहब्बतसिंहतजी जाति रावणा राजपुत
7. जालमसिंह पुत्र देवीसिंहजी जाति रावणा राजपुत
8. ताराकवर पुत्री मोहनसिंहजी जाति रावणा राजपुत
9. देवीकंवर पत्नि मोहनसिंहजी जाति रावणा राजपुत
10. दिलीपसिंह पुत्र हुकमसिंहजी जाति रावणा राजपुत
11. नरेन्द्रसिंह पुत्र मोहनसिंहजी जाति रावणा राजपुत
12. नर्वदाकंवर पुत्री भोपालसिंहजी जाति रावणा राजपुत
13. पप्पुकंवर पत्नि भोपालसिंहजी जाति रावणा राजपुत
14. पवनकंवर पुत्री देवीसिंहजी जाति रावणा राजपुत
15. मुन्नाकंवर पुत्री भंवरसिंहजी जाति रावणा राजपुत
16. महेन्द्रसिंह पुत्र भोपालसिंहजी जाति रावणा राजपुत
17. रेखाकंवर पुत्री देवीसिंहजी जाति रावणा राजपुत
18. रणजीतसिंह पुत्र देवीसिंह जाति रावणा राजपुत
19. रणवीरसिंह पुत्र हुकमसिंहजी जाति रावणा राजपुत
20. रतनकंवर पुत्री करणसिंह जी जाति रावणा राजपुत
21. रतनसिंह पुत्र मानसिंहजी जाति रावणा राजपुत
22. रूपसिंह पुत्र अचलसिंहजी जाति रावणा राजपुत
23. रामु पत्नि वनेसिंहजी जाति रावणा राजपुत
24. लालसिंह पुत्र मोहनसिंहजी जाति रावणा राजपुत
25. सजनकंवर पुत्री करणसिंहजी जाति रावणा राजपुत
26. संतोषकंवर पत्नि हुकमसिंहजी जाति रावणा राजपुत
27. सुन्दरकंवर पुत्री भंवरसिंहजी जाति रावणा राजपुत
28. हरीसिंह पुत्र वनेसिंहजी जाति रावणा राजपुत
29. हस्तु पत्नि देवीसिंहजी जाति रावणा राजपुत
30. हिम्मतसिंह पुत्र करणसिंहजी जाति रावणा राजपुत
31. राजस्थान सरकार जरिये (भूमिधारी) तहसीलदार, बाली

–:: आदेश ::– दिनांक- 30-07-2021

**प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 136 राजस्थान भूराजस्व अधिनियम, 1956**

प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैं। प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 136 राजस्थान भूराजस्व अधिनियम, 1956 विरूद्ध अप्रार्थीगण प्रस्तुत कर उनके द्वारा ग्राम भीटवाडा तहसील बाली में संयुक्त सह खातेदारी में धारित की जा रही भूमियो यथा खसरा नंबर 686, 687, 702, 703, 711, 712, 713, 714, 731, 732, 733, 734 कुल खसरा--12 कुल रकबा 4.29 हैक्टर में 1/72, 1/72, 1/72 हिस्सा में तथा ग्राम भीटवाडा में ही सह खातेदारी में धारित की जा रही भूमि खसरा नंबर 31, 41, 42, 43 कुल खसरा–04 कुल रकबा 1.52 हैक्टर में **दर्ज प्रार्थीगण के त्रुटिपुर्ण नाम (1) प्रेमकवर पुत्री भोपालसिंह (2) बसन्तकंवर पुत्री भोपालसिंह (3) रतनकंवर पुत्री भोपालसिंह** को दुरस्ती के माध्यम से **(1) पिन्टूकंवर पुत्री भोपालसिंह (2) बसंतीबेन पुत्री भोपालसिंह (3) सन्तोषकंवर पुत्री भोपालसिंह शुद्ध** किये जाने का निवेदन किया। प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों की पुष्टि में बतौर अभिलेखीय साक्ष्य वादग्रस्त भूमि की जमाबंदी की प्रतिया,, फोटो कांपी आधार कार्ड, फोटो कांपी राशन कार्ड, फोटो कांपी भामशाह कार्ड, फोटो कांपी पहचान पत्र भारत निर्वाचन आयोग की प्रतियॉ पेश की गई। प्रस्तुत प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी तहसीलदार, बाली से रिपोर्ट तलब की गई। तथा अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। तहसीलदार, बाली ने जांच कर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र अनुसार वर्णित भूमियों में प्रार्थीगण के **त्रुटिपुर्ण नाम (1) प्रेमकवर पुत्री भोपालसिंह (2) बसन्तकंवर पुत्री भोपालसिंह (3) रतनकंवर पुत्री भोपालसिंह** दर्ज होने तथा प्रार्थीनी द्वारा धारित अन्य सरकारी दस्तावेजो यथा आधार कार्ड, राशन कार्ड, भामशाह कार्ड, फोटो पहचान पत्र में प्रार्थीगण के सही व वास्तविक नाम से **(1) पिन्टूकंवर पुत्री भोपालसिंह (2) बसंतीबेन पुत्री भोपालसिंह (3) सन्तोषकंवर पुत्री भोपालसिंह** दर्ज होना स्वीकार किया, तथा उक्त त्रुटि प्रार्थीगण के पिता

पेज लगातार.....02

Scanned with CamScanner

राजस्व विविध प्रकरण संख्या : 02/2021 **GCMS No 2021/8**

अनवान पिन्टुकुंवर वगैरा बनाम अन्सीबाई वगैरा अंतर्गत धारा 136 राजस्थान भूराजस्व अधिनियम, 1956

भोपालसिंह के फौतेदगी म्यूटेशन के समय होने से राजस्व रेकर्ड में दर्ज प्रार्थीगण के **त्रुटिपुर्ण नाम (1) प्रेमकवर पुत्री भोपालसिंह (2) बसन्तकंवर पुत्री भोपालसिंह (3) रतनकंवर पुत्री भोपालसिंह** के स्थान पर से **(1) पिन्टूकंवर पुत्री भोपालसिंह (2) बसंतीबेन पुत्री भोपालसिंह (3) सन्तोषकंवर पुत्री भोपालसिंह** शुद्ध किये जाने बावत् सहमति प्रदान की गई।

प्रकरण में अप्रार्थीगण संख्या 16 व 22 बावजुद नोटिस तामील के अनुपस्थित रहने से न्यायालय द्वारा दिनांक 03.03.2021 को इनके विरूद्व एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाने के आदेश दिये गये। तथा साथ ही प्रकरण मात्र नाम संशोधन का होने से तहसीलदार, बाली की रिपोर्ट प्राप्त होने पर वकुलाय की बहस सुनी गई। विदवान् वकील प्रार्थी श्री विक्रसिंह सोलंकी ने बहस में प्रार्थना पत्र के तथ्यो को दोहराते हुये दलील दी कि प्रार्थी का सही एवं वास्तविक नाम **(1) पिन्टूकंवर पुत्री भोपालसिंह (2) बसंतीबेन पुत्री भोपालसिंह (3) सन्तोषकंवर पुत्री भोपालसिंह** है, जिसकी पुष्टि में प्रार्थी द्वारा धारित दस्तावेज यथा आधार कार्ड, राशन कार्ड, भामशाह कार्ड, फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत कर दिये है, जबकि प्रार्थी द्वारा धारित की जा रही सह खातेदारी भूमियों में नाम **त्रुटिपुर्ण नाम (1) प्रेमकवर पुत्री भोपालसिंह (2) बसन्तकंवर पुत्री भोपालसिंह (3) रतनकंवर पुत्री भोपालसिंह** दर्ज है, जिसको दुरस्त किये जाने की मांग की गई।

पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन व वकुलाय की बहस पर मनन के पश्चात् तहसीलदार, बाली द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत अभिलेखीय साक्ष्यो के अवलोकन के पश्चात् प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण धारा 136 राज. भूराजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता हैं। उपरोक्त वर्णित भूमियो में दर्ज प्रार्थीगण के त्रुटिपुर्ण नाम **त्रुटिपुर्ण नाम (1) प्रेमकवर पुत्री भोपालसिंह (2) बसन्तकंवर पुत्री भोपालसिंह (3) रतनकंवर पुत्री भोपालसिंह को विलोपित** करते हुये **सही व शुद्ध नाम** से **(1) पिन्टूकंवर पुत्री भोपालसिंह (2) बसंतीबेन पुत्री भोपालसिंह (3) सन्तोषकंवर पुत्री भोपालसिंह दुरस्ती के माध्यम से हिस्सा अनुसार दर्ज** किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। रेकर्ड में दर्ज शेष इन्द्राज बदस्तुर कायम रखे जावे। आदेश प्रति तहसीलदार, बाली व पटवारी हल्का, भीटवाडा को पालनार्थ भिजवाई जावे। मिसल फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।

(श्री अतुल प्रकाश)
आई.ए.एस.
भू0 अभिलेख अधिकारी
(एस.डी.ओ.) बाली

आदेश आज दिनांक 30.07.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

भू0 अभिलेख अधिकारी
(एस.डी.ओ.), बाली

Scanned with CamScanner